राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल की गरिमामय उपस्थिति में थार महोत्सव का भव्य समापन

जयपुर, 30 मार्च। बाड़मेर जिले में लोक कला, संस्कृति, इतिहास, पर्यटन एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित थार महोत्सव का राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की गरिमामय उपस्थिति में बुधवार को राजस्थान दिवस पर समापन हुआ। महाबार के स्वर्णिम रेतीले धोरों पर गीत, संगीत और नृत्य के इस समारोह में राज्यपाल तथा राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने शिरकत कर कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने थारवासियों को थार महोत्सव एवं राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं दी तथा राजस्थान की गौरवमयी कला एवं संस्कृति को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले ऐसे आयोजन की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ख्यातनाम लोक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई, जिसकी राज्यपाल ने मुक्तकण्ठ से तारीफ की।

कार्यक्रम में राजस्थान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री मेवाराम जैन, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री हेमाराम चौधरी, श्रम एवं कारखाना राज्य मंत्री श्री सुखराम विश्नोई, जिला प्रमुख श्री महेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे।

इससे पहले राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के बुधवार सायं बाड़मेर पहुंचने पर उनकी भव्य अगवानी की गई।

उतरलाई एयरपोर्ट पर संभागीय आयुक्त डॉ. राजेश शर्मा, जिला कलक्टर श्री लोक बंधु एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्री दीपक भार्गव ने उनकी अगवानी की। सांचल फोर्ट रिसोर्ट में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां राज्यपाल ने अधिकारियों से औपचारिक चर्चा कर जिले के बारे में जानकारी प्राप्त की।